StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 3

**SS—29— Sociology (D & D)**

# उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2013

## समाजशास्त्र

## SOCIOLOGY

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. 

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | उत्तर की शब्द सीमा |
|---|---|---|---|
| अ | 1-8 | 1 | 10 शब्द |
| ब | 9-14 | 2 | 30 शब्द |
| स | 15-26 | 3 | 45 शब्द |
| द | 27-30 | 6 | 200 शब्द |

6. प्रश्न संख्या 27 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

StudentBounty.com



## खण्ड - अ

1. संरचनात्मक परिवर्तन से क्या तात्पर्य है ? 1
2. भारतीय समाज में महिलाओं को अन्य क्षेत्र की बजाय नर्सिंग अथवा शिक्षण के कार्यों को प्राथमिकता क्यों दी जाती है ? 1
3. वैज्ञानिक प्रबंधन नामक व्यवस्था का आविष्कार किसने किया ? 1
4. भारत का सबसे पुराना उद्योग कौनसा है ? 1
5. भूस्थानीकरण से क्या तात्पर्य है ? 1
6. सूचना अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ ? 1
7. भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार कौन हैं ? 1
8. लोकतंत्र से क्या तात्पर्य है ? 1

## खण्ड - ब

9. पूर्वाग्रह किसे कहते हैं ? 2
10. सामाजिक स्तरीकरण से क्या तात्पर्य है ? 2
11. भारत से अधिक मोबाइल फोन किन देशों में है ? 2
12. अस्पृश्यता किसे कहते हैं ? 2
13. हित समूह से क्या अभिप्राय है ? 2
14. उपनिवेशवाद किसे कहते हैं ? 2

## खण्ड - स

15. ब्रिटिश औद्योगीकरण का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ? 3
16. पंचायती राज संस्था की त्रिस्तरीय व्यवस्था को समझाइये। 3
17. विकसित और विकासशील देशों में अन्तर बताइये। 3
18. भूमण्डलीकरण अर्थव्यवस्था के विशिष्ट लक्षण क्या हैं ? 3
19. भारत में समाचारपत्र के उद्योग में हो रहे परिवर्तनों की चर्चा कीजिए। 3

StudentBounty.com



20. आधुनिक मास मीडिया के प्रारंभ पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 3

21. जन्मदर एवं मृत्युदर के अर्थ स्पष्ट करें। 3

22. भारत की जनसंख्या नीति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 3

23. जाति की विशेषताएँ बताइए। 3

24. संस्कृतिकरण का अर्थ व परिभाषा बताइये। 3

25. पूंजीवाद पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 3

26. बाजार पर समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण आर्थिक दृष्टिकोण से किस तरह अलग है ? 3

**खण्ड - द**

27. महिला आंदोलन पर निबंध लिखें। 6

अथवा

जनजातीय आंदोलन पर निबंध लिखें। 6

28. भारत में व्याप्त सांस्कृतिक विविधता की विस्तार पूर्वक चर्चा कीजिए। 6

अथवा

साम्प्रदायिकता या क्षेत्रवाद पर विस्तार पूर्वक चर्चा कीजिए। 6

29. जाति का अर्थ, परिभाषा व विशेषताएँ बताइये। 6

अथवा

धर्म निरपेक्षता की अवधारणा की विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए। 6

30. भूमिहीन कृषि मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों की चर्चा कीजिए। 6

अथवा

संस्कृति पर भूमंडलीकरण के प्रभाव की चर्चा कीजिए। 6